भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 613**

जिसका उत्तर 06.02.2025 को दिया जाना है

**ओडिशा में सड़क अवसंरचना का विकास**

613. श्री सुकान्त कुमार पाणिग्रही:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वित्तीय वर्ष 2025-26 में ओडिशा के प्रमुख पर्यटन स्थलों के लिए सड़क अवसंरचना के विकास के लिए सरकार की क्या योजना है ताकि पर्यटन-स्थल तक आना-जाना सुगम हो और पर्यटन का विकास हो;

(ख) सरकार द्वारा ओडिशा के आकांक्षी जिलों में सड़क अवसंरचना के विकास को प्राथमिकता देने के लिए तथा प्रमुख शहरी केंद्रों तक कनेक्टिविटी बढ़ाने और विशेषरूप से स्थानीय आर्थिक विकास में सहायता के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) ओडिशा के सांस्कृतिक और विरासत स्थलों तक पहुंच बढ़ाने को सुगम बनाने के लिए विशिष्ट सड़क परियोजना का ब्यौरा क्या है और इन परियोजनाओं से राज्य के पर्यटन क्षेत्र को किस प्रकार से लाभ होने का अनुमान है; और

(घ) पर्यटन क्षेत्रों और आकांक्षी जिलों में सड़क अवसंरचना परियोजनाओं के संधारणीय, पर्यावरण के अनुकूल और दीर्घकाल तक सेवा प्रदान करने योग्य बनाने के लिए डिज़ाइन किया जाना सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) का विकास एक सतत प्रक्रिया है और आकांक्षी जिलों, औद्योगिक केंद्रों, स्वास्थ्य केंद्रों, शैक्षिक केंद्रों, पर्यटन और विरासत स्थलों आदि तक संपर्कता और पहुंच में सुधार के लिए योजना बनाई जाती है। 2014 से अब तक सरकार ने 174 राष्ट्रीय राजमार्ग (रारा) परियोजनाओं को मंजूरी दी है और राज्य में संपर्कता बढ़ाने और स्थानीय विकास को बढ़ावा देने के लिए 35,131 करोड़ रुपये व्यय किए हैं। पुरी, कोणार्क, सतपदा, जिरंगा, भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान और सिमिलिपाल टाइगर रिजर्व जैसे पर्यटन स्थल क्रमशः राष्ट्रीय राजमार्ग रारा-316, रारा-326ए, रारा-20 और रारा-49 से अच्छी तरह जुड़े हुए हैं।

(ख) सरकार ओडिशा के आकांक्षी जिलों में स्थानीय सामाजिक-आर्थिक विकास और प्रमुख शहरी केंद्रों से बेहतर संपर्कता के लिए सड़क अवसंरचना के विकास को प्राथमिकता दे रही है। ऐसी प्रमुख परियोजनाओं का विवरण अनुबंध 1 में संलग्न है।

(ग) ऐसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं का विवरण अनुबंध 2 में संलग्न है। इन परियोजनाओं से राज्य के पर्यटन क्षेत्र को लाभ मिलने तथा पुरी, कोणार्क जैसे सांस्कृतिक एवं विरासत स्थलों और ओडिशा के तटीय क्षेत्रों तक पहुंच में सुधार होने की उम्मीद है।

(घ) फ्लाई ऐश, स्लैग, निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट, लैंडफिल की निष्क्रिय सामग्री, अपशिष्ट प्लास्टिक, क्रम्ब रबर संशोधित बिटुमेन, मिलिंग एवं रिसाइक्लिंग, जूट एवं कॉयर सहित जियोसिंथेटिक्स, ग्राउंड ग्रेनुलेटेड ब्लास्ट फर्नेस स्लैग आदि का उपयोग जैसे विभिन्न उपाय, राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के दीर्घकालिक विकास के लिए पर्यटन क्षेत्रों एवं आकांक्षी जिलों सहित सतत एवं पर्यावरण अनुकूल विकास के लिए किए गए हैं।

**अनुबंध 1**

**'ओडिशा में सड़क अवसंरचना का विकास'** के संबंध में श्री सुकान्त कुमार पाणिग्रही द्वारा दिनांक 06-02-2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 613 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

| **क्रम सं.** | **परियोजना का नाम** | **शामिल किया गया जिला** | **लंबाई (किमी)** | **स्वीकृत लागत (करोड़ रुपए में)** |
|---|---|---|---|---|
| | **चल रहे कार्य** | | | |
| **1** | एनएच-26 के किमी 0/0 से 72/0 तक किमी 0/0 से 21/0 तक 4 लेन (बरगढ़ से बरपाली) और किमी 21/0 से 72/0 तक 2 एल+पीएस (बरपाली से बोलनगीर) तक सड़क का निर्माण। | बरगढ़ , सोनपुर और बोलनगीर | 72 | 414.24 |
| **2** | ओडिशा राज्य में एनएच-59 ( रिगडोल से बेलगांव खंड) पर किमी 56/780 से किमी 68/367 तक एलए सहित पीएस के साथ दो लेन का निर्माण। | बोलनगीर | 11.51 | 95.76 |
| **3** | वार्षिक योजना 2021-22 के अंतर्गत ओडिशा राज्य में एनएच-157 के चैनल 86/700 पर पुनर्निर्माण लघु पुल सहित 86/330 किमी से 86/615 तक नवीन प्रबलित मिट्टी समग्र/हाइब्रिड प्रणाली का उपयोग करके ब्लैक स्पॉट को समाप्त करने के लिए घाटी की ओर कलिंगघाट की मौजूदा सड़क का चौड़ीकरण। | कंधमाल | 0.31 | 29.69 |
| **4** | वार्षिक योजना 2022-23 के अंतर्गत ओडिशा राज्य में ईपीसी मोड पर एनएच-26 ( भवानीपटना - कोकसारा खंड का लुप्त खंड) के किमी 227/700 से 227/970, किमी 233/260 से 233/980, किमी 234/090 से 234/860 और किमी 235/980 से 236/770 तक का पुनर्संरेखण। | कालाहांडी | 2.48 | 28.26 |
| **5** | ओडिशा राज्य में एनएच (मूल) के तहत वर्ष 2022-23 के लिए एनएच -26 के किमी 367/480 से 376/480 तक 2 एल + पीएस तक | कोरापुट | 9.00 | 44.06 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण। | | | |
| **6** | ओडिशा राज्य में एनएच-26 पर किमी 72/400 ( डिजाइन किमी 0/0) से किमी 79/800 (डिजाइन किमी 11/670) तक बोलनगीर कस्बे तक बाईपास सड़क का निर्माण । | बोलनगीर | 11.67 | 238.78 |
| **7** | वार्षिक योजना 2021-22 के अंतर्गत ओडिशा राज्य में भूमि अधिग्रहण सहित एनएच-26 पर जयपुर शहर तक चार लेन बाईपास का निर्माण । | कोरापुट | 4.91 | 135.18 |
| **8** | वार्षिक योजना 2021-22 के अंतर्गत ओडिशा राज्य में एनएच-63 पर पेव्ड शोल्डर सहित दो लेन के कोटपाड़ बाईपास का निर्माण । | कोरापुट | 14.31 | 74.48 |
| **9** | ओडिशा राज्य में रारा-326 (मलकानगिरी-मोटू रोड)किमी 379/000 (पंगम), किमी 439/400 (पोटेरु), किमी 444/237 (कोंगुरुकोंडा), किमी 457/075 (एमवी-90) और किमी 468/150 (एमवी-96) पर 5 एचएल पुलों का निर्माण। । | मल्कानगिरी | 9.72 | 154.05 |
| **10** | ओडिशा राज्य में एनएच-326 पर पत्रापुट ( कोरापुट जिला) के पास कोलाब नदी पर चै. 323/957 पर एचएल मेजर ब्रिज, चै. 323/780 पर एचएल मेजर ब्रिज और चै. 323/500 पर आरसीसी बॉक्स का निर्माण। | कोरापुट | 0.12 | 24.22 |
| **11** | वार्षिक योजना 2021-22 के अंतर्गत ओडिशा राज्य में एनएच-326 पर मल्कानगिरी-मोटू रोड पर चै. 377/420, चै. 423/800, चै. 433/750 और चै. 484/500 पर 4 हाई लेवल पुलों का निर्माण। | मल्कानगिरी | 4.47 | 67.88 |
| **12** | वार्षिक योजना 2021-22 के अंतर्गत ईपीसी मोड पर ओडिशा राज्य में भूमि अधिग्रहण सहित केसिंगा में एनएच-201 (वर्तमान एनएच-26) के किमी 176.00 पर एलसी संख्या आरवी-172 के स्थान पर पहुंच मार्ग सहित 4 लेन आरओबी का निर्माण। | कालाहांडी | 3.56 | 324.09 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **13** | वार्षिक योजना 2022-23 के अंतर्गत ईपीसी मोड पर ओडिशा राज्य में पहुंच मार्गों सहित एनएच-326 के किमी 297/520 (डिजाइन चै.) पर जेरिगुडा नाला पर नए छोटे पुल का निर्माण। | कोरापुट | 0.60 | 8.81 |
| **14** | ओडिशा राज्य में एनएच-26 के समीप किमी 79/700 से 80/00 तक बोलनगीर शहर के बीजाखमण में ट्रक पार्किंग का निर्माण । | बोलनगीर | 0.00 | 11.8 |
| **15** | सड़क सुरक्षा वार्षिक योजना 2022-23 के अंतर्गत ओडिशा राज्य में एनएच-326 के चैम्बर 348/900 और 350/400 पर गोविंदपल्लीघाट भाग के मोड़ को चौड़ा करने और सड़क के पुनः संरेखण के साथ दुर्घटना संभावित क्षेत्र का सुधार। | मल्कानगिरी | 1.34 | 7.91 |
| **16** | सड़क सुरक्षा वार्षिक योजना 2022-23 के अंतर्गत ओडिशा राज्य में एनएच-26 के चै. 349/000 और चै. 347/800 पर जयपुरघाट क्षेत्र की सड़क के मोड़ को चौड़ा करने और पुनः संरेखण के साथ दुर्घटना संभावित क्षेत्र का सुधार। | कोरापुट | 1.04 | 6.74 |
| **17** | एनएच-42 (नया एनएच-55) का कटक- अंगुल खंड, पैकेज । | ढेंकनाल | 59.80 | 1108.62 |
| **18** | एनएच-42 (नया एनएच-55) का कटक- अंगुल खंड, पैकेज ॥ | ढेंकनाल | 51.80 | 1109.80 |
| **19** | तालचेर-कामाख्यानगर खंड (नया एनएच-53) | ढेंकनाल | 41.73 | 795.18 |
| **20** | कामाख्यानगर - धुबरी खंड (नया एनएच-53) | ढेंकनाल | 51.10 | 761.11 |
| **21** | रायपुर-विशाखापत्तनम आर्थिक गलियारे के अंतर्गत एनएच-130सीडी रोड के किमी 249+000 से किमी 293+000 तक 6एल ग्रीनफील्ड कलियागुरा से बौंसागुरा खंड तक। (ओडी-5) | कोरापुट | 44.00 | 1918.49 |
| **22** | रायपुर-विशाखापत्तनम आर्थिक गलियारे के अंतर्गत एनएच-130सीडी रोड के किमी. 293+000 से किमी. 338+500 तक 6एल ग्रीनफील्ड बाउंसागुरा से बाराजा खंड पर । (ओडी-6) | कोरापुट | 45.50 | 1632.17 |
| **23** | बाराजा से कंडिली खंड किमी 338+500 से किमी 342+500 तक 6एल ग्रीनफील्ड । (ओडी-7) | कोरापुट | 4.00 | 922.59 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **24** | कंडिली से तुम्बीगुरा खंड पर किमी. 342+500 से किमी. 365+033 तक 6एल ग्रीनफील्ड । (ओडी-8) | कोरापुट | 22.53 | 1912.84 |
| **25** | धनारा से हतीबेना खंड (किमी. 124+661 से किमी.146+500 तक) 6एल ग्रीनफील्ड (ओडी-1) | नबरंगपुर | 21.84 | 638.32 |
| **26** | 6एल ग्रीनफील्ड हतीबेना से एनएच-130सीडी रोड का बादाकुमारी खंड (किमी 146+500 से किमी 179+000 तक) (ओडी-2) | नबरंगपुर | 32.50 | 11018.14 |
| **27** | 6एल ग्रीनफील्ड बादाकुमारी से एनएच-130सीडी रोड का कार्की खंड (किमी. 179+000 से किमी.226+500 तक) (ओडी-3) | नबरंगपुर | 47.50 | 1303.88 |
| **28** | 6एल ग्रीनफील्ड कार्की से एनएच-130सीडी रोड का कालीगुड़ा खंड (किमी. 226+500 से किमी.249+000 तक) (ओडी-4) | नबरंगपुर | 22.50 | 671.65 |
| | **स्वीकृत लेकिन अभी तक शुरू नहीं हुआ** | | | |
| **1** | वार्षिक योजना 2021-22 के अंतर्गत ओडिशा राज्य में एनएच-26 पर एल.ए. सहित भवानीपटना शहर तक पेव्ड शोल्डर सहित 2 लेन के बाईपास का निर्माण। | कालाहांडी | 10.58 | 226.23 |
| **2** | ओडिशा राज्य के लिए वार्षिक योजना 2022-23 में एनएच (मूल) के तहत एनएच -26 पर किमी 317.400 से किमी 320.700 तक (डिजाइन चेनेज 317.400 से किमी 321.415) बोरीगुम्मा बाईपास का निर्माण | कोरापुट | 4.02 | 69.48 |
| **3** | टिटलागढ़ शहर तक बाईपास का निर्माण और किमी 44/000 से 45/162 तक एसएल/डीएल से 2 एल + पीएस तक चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण। | बोलनगीर | 8.68 | 144.30 |
| **4** | वार्षिक योजना 2022-23 के अंतर्गत ईपीसी मोड पर ओडिशा राज्य में पहुंच मार्ग और एल.ए. सहित एनएच-26 पर चैनेज 149/753 पर रेत नदी पर नए पुल का निर्माण। | कालाहांडी | 1.82 | 39.10 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 5 | वार्षिक योजना 2022-23 के अंतर्गत ईपीसी मोड पर ओडिशा राज्य में पहुंच मार्गों सहित एनएच-26 पर चैनल 192/030 पर सगदा नदी पर नए पुल का निर्माण । | कालाहांडी | 2.14 | 39.07 |
| 6 | वार्षिक योजना 2022-23 के अंतर्गत ईपीसी मोड पर ओडिशा राज्य में भूमि अधिग्रहण सहित एनएच-130सी पर धर्मगढ़ बाईपास का निर्माण | कालाहांडी | 7.14 | 172.66 |
| 7 | वार्षिक योजना 2022-23 के अंतर्गत ईपीसी मोड पर ओडिशा राज्य में एनएच-157 पर किमी 29/800 (डिजाइन किमी 0.00) से किमी 39/000 (डिजाइन किमी 7.250) तक फूलबनी शहर तक बाईपास सड़क का निर्माण। | कंधमाल | 7.25 | 256.97 |
| 8 | वार्षिक योजना 2022-23 के अंतर्गत ईपीसी मोड पर ओडिशा राज्य में भूमि अधिग्रहण सहित एनएच-26 पर चै. 165/200 ( पास्टिकुडी ) पर फ्लाईओवर का निर्माण | कालाहांडी | 1.34 | 67.95 |
| 9 | वार्षिक योजना 2023-24 के अंतर्गत ईपीसी मोड पर ओडिशा राज्य में एनएच-326 पर रायगढ़ शहर और जेके पुर शहर तक बाईपास सड़क का निर्माण । | रायगढ़ | 12.72 | 323.76 |
| 10 | वर्ष 2023-24 के लिए ओडिशा राज्य में एनएच-26 के किमी 388/495, किमी 396/407, किमी 409/710 और किमी 415/061 पर पुलियों का पुनर्निर्माण | कोरापुट | 0.02 | 1.40 |
| 11 | वर्ष 2023-24 के लिए ओडिशा राज्य में एनएच-326 पर किमी 261/060 पर तोयापुट नाला, किमी 268/780 पर खुदीपदर नाला और किमी 270/260 पर देबागढ़ नदी पर एनएच-326 के क्षतिग्रस्त 3 पुलों का पुनर्निर्माण। | कोरापुट | 2.34 | 63.50 |
| 12 | ओडिशा राज्य के लिए वार्षिक योजना 2023-24 में एचएएम पर एनएच-59 के किमी 231.000 से 256.000 तक (किमी 229.500 से 256.468 तक डिजाइन श्रृंखला) दारिंगबाड़ीघाट हिस्से का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण | कंधमाल और गंजम | 26.97 | 718.26 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **13** | ओडिशा राज्य में मद दर संविदा के अंतर्गत एनएच-326 पर रायगढ़ में किमी 202/175 से 202/790 तक रेलवे ओवर ब्रिज और किमी 192/797 से 193/050 तक नागावली नदी पुल का पुनर्निर्माण | रायगढ़ | 0.00 | 3.45 |
| **14** | रामेश्वर से पारादीप तक 4 लेन का पेव्ड शोल्डर वाला पहुंच नियंत्रित तटीय राजमार्ग (किमी 0.000 से किमी 162.200 तक) | ढेंकनाल | 162.20 | 9579.20 |

**अनुबंध 2**

**'ओडिशा में सड़क अवसंरचना का विकास'** के संबंध में श्री सुकान्त कुमार पाणिग्रही द्वारा दिनांक 06-02-2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 613 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

| **क्रम सं.** | **परियोजना का नाम** | **लंबाई (किमी में)** | **लागत (करोड़ रुपये में)** |
|---|---|---|---|
| 1 | रामेश्वर से पारादीप तक 4 लेन का पेव्ड शोल्डर वाला पहुंच नियंत्रित तटीय राजमार्ग (किमी.0.000 से कि.मी. 162.200 तक) | 162.2 | **9579.20** |
| 2 | रारा- 316 के (पुरी - कोणार्क लिंक) के किमी 65/00 से 90/400 तक मौजूदा 2एल+पीएस को 4 लेन में चौड़ीकरण | 25.4 | **800.00** |

*****